## महत्वपूर्ण एवं खास

### कृषि विभाग में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु 26 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** कार्यालय उप संचालक कृषि रायगढ़ अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वॉटरशेड) अंतर्गत स्वीकृत परियोजना में परियोजना स्तर पर सचिव 12 पद, डब्ल्यूडीटी (समूह विकास) एक पद, डब्ल्यूडीटी (यांत्रिकी) एक पद, डब्ल्यूडीटी (आजीविका)एक पद एवं एक पद लेखापाल सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर तथा जिला स्तर में तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी)एक पद, प्रबंधन विशेषज्ञ एक पद एवं लेखापाल एक पद की संविदा भर्ती (एक वर्ष के लिए) किया जाना है। इच्छुक आवेदक 26 दिसम्बर 2022 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी, रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

### नगरीय निकाय उप निर्वाचन: अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति नहीं जायेंगे अवकाश पर

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के द्वारा 12 दिसम्बर 2022 को नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही रायगढ़ जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। जो कि निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेगी। नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 की कार्यवाही संपन्न होते तक सभी शासकीय/अद्र्धशासकीय/केन्द्रीय कार्यालयों एवं भारत सरकार के उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया जाता है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी-कर्मचारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख/नियंत्रण अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

### जिले में आधार सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिले में आधार सेवाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसकी आज पहली बैठक सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। समिति गठन का मुख्य उद्देश्य जिले में पर्याप्त मात्रा में आधार सेवा केंद्र स्थापित किया जाना है, जिससे लोगों को आधार सेवा के लिए अधिक दूरी तय न करना पड़े एवं सुलभता से आधार सेवाएं प्राप्त हो सके। इसके अलावा आधार पंजीयन संख्या में वृद्धि करना है। साथ ही जिनका आधार कार्ड वर्ष 2015 से पूर्व बना हो, उनका वर्तमान दस्तावेज के साथ अपडेट किया जाना है। जिसके लिए पंचायत, ब्लॉक, जिला स्तर पर आधार शिविर के माध्यम से किया जाना है। जिसके लिए न्यूनतम 50 रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी में बच्चों का आधार एनरोलमेंट किया जाएगा, जल्द ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र के साथ आधार पंजीयन की सुविधा प्रदान की जायेगी। सभी लोगों के साथ बच्चों के आधार व अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन, आधार लिंक जन्म प्रमाण पत्र का क्रियान्वयन, आधार में मोबाइल लिंक का क्रियान्वयन तथा सेवा केंद्रों की निगरानी का कार्य किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलाईगढ़ में 74 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा में आज 74 करोड़ 38 लाख 49 हजार रुपये की लागत के 47 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 45 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये की लागत से निर्मित 26 कार्यों का लोकार्पण, 22 करोड़ 65 लाख 47 हजार रुपये की लागत से 18 कार्यों का भूमिपूजन एवं 6 करोड़ 55 लाख 22 हजार रुपये की लागत से बनने वाले 3 शिलान्यास कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम के दौरान जिन 26 कार्यों का लोकार्पण किये इनमें 12 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से भटगांव आवर्धन जल प्रदाय योजना, 20 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 15 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 01 करोड़ 79 लाख 60 हजार रुपये की लागत से कुल 20 ग्राम में गौठान निर्माण कार्य, 22 लाख 90 हजार रुपये की लागत से कुल 12 ग्राम में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य, 7 करोड़ 8 लाख 83 हजार रुपये की लागत से बिलाईगढ़ के भटगांव सलौनीकला गिरवानी मार्ग लं.6 कि.मी.का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य शामिल है। इसी तरह 4 करोड़ 78 लाख 91 हजार रुपये की लागत से कोसमकुण्डा से साल्हेबाजा मार्ग लं.2.60 कि.मी.,01 करोड़ 73 लाख 82 हजार रुपये की लागत से मडकडी परसाडीह मार्ग लं.1.50 कि.मी., 2 करोड़ 75 लाख 83 हजार रुपये की लागत से पिकरीपाली से गायदरहा मार्ग लं.1.75 कि.मी., 01 करोड़ 23 लाख 76 हजार रुपये की लागत से 18 नग मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के कार्य, 75-75 लाख रुपये की लागत से नया भवन प्राथ.स्वा.केन्द्र पवनी एवं नगरदा, 27 लाख 73 हजार रुपये की लागत से नया भवन उप स्वा.केन्द्र पचरी एवं 27 लाख 73 हजार रुपये की लागत से नया भवन उप स्वा.केन्द्र छिर्रा, 9 लाख 68 हजार रुपये की लागत से प्राथ.स्वा. केन्द्र भटगांव में नया 6 बिस्तरीय वार्ड,



28 लाख 51 हजार रुपये की लागत से उप.स्वा.केन्द्र टुण्डरी भवन निर्माण, तीन उप स्वा.केन्द्र धारासीव, बेलादुला एवं बालपुर में नया 6 बिस्तरीय वार्ड के लिए प्रति वार्ड 9 लाख 68 हजार रुपये कुल 29 लाख 4 हजार रुपये, 01 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से सुतीउरकुली व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 01 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से गोविन्दवन जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 01 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से खौरझिटी व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 77 लाख रुपये की लागत से बम्हनपुरी जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से पिरदा जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 50 लाख 82 हजार रुपये की लागत से पर्री डबरी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य एवं 25 लाख 53 हजार रुपये की लागत से नगर पंचायत भटगांव में पौनी पसारी कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिन 18 कार्यों का भूमिपूजन किये इनमें 11 करोड़ 57 लाख 82 हजार रुपये की लागत से कुल 11 ग्रामों के लिए जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल प्रदाय योजना, 8 लाख 70 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 14 समलाई मंदिर के बगल से नाला तक सीसी रोड निर्माण कार्य, 19 लाख 11 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 15 शुक्रवारी बाजार के समीप गौठान निर्माण कार्य, 5 लाख 74 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप सीसी रोड निर्माण कार्य, 3 लाख 86 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 8 में सीसी रोड निर्माण, 7 लाख 14 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 8 सांई किराना दुकान से नाला तक सीसी रोड और नाली कवर का निर्माण कार्य, 01 करोड़ 99 लाख 68 हजार रुपये की लागत से दिनेश शर्मा घर से बिलाईगढ़ नाला तक गौरवपथ निर्माण कार्य डिवाईडर स्ट्रीट लाईट सहित, 01 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से कुल 34 ग्रामों के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य, 01 करोड़ 53 लाख 36 हजार रुपये की लागत से कुल 71 ग्रामों के लिए मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 3 करोड़ 01 लाख 4 हजार रुपये की लागत से 24 ग्रामों में नाली निर्माण कार्य, 75 लाख 23 हजार रुपये की लागत से बिलाईगढ़ के सलिहाघाट में हाईस्कूल भवन का निर्माण, 01 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपये की लागत से बिलाईगढ़ के बेलटिकरी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण, 16 लाख 23 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 12 में पंडा घर से मेन रोड तक सीसी रोड का निर्माण कार्य, 13 लाख 51 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 12 में अविनाश घर से मेन रोड तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य, 11 लाख 01 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 12 में गौरी निराला घर से मेन रोड तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य, 5 लाख 21 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 12 में राजाराम घर से रामरतन घर तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य, 7 लाख 9 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य शासकीय कन्या स्कूल तक वार्ड क्रमांक 2 तथा 23 लाख 58 हजार रुपये की लागत से नरवा विकास कार्य झरनी नाला 3 कि.मी. कार्य शामिल है।

3 शिलान्यास कार्य अंतर्गत 2 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से नये 33/11 केव्ही पुरगांव में उपकेन्द्र निर्माण कार्य, 2 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपये की लागत से नये 33/11 केव्ही बालपुर उपकेन्द्र निर्माण कार्य, 2 करोड़ 7 लाख 71 हजार रुपये की लागत से नये 33/11 केव्ही गाताडीह (मनपसार)उपकेन्द्र निर्माण कार्य शामिल है।

## नगरीय निकाय उप निर्वाचन:ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी




**रायगढ़।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन, 2022 को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचरण संहिता के पालन को सुनिश्चित करने हेतु छ.ग.कोलाहल अधिनियम, 1985 के अंतर्गत ध्वनिविस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के उपयोग के संबंध में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निर्वाचन प्रचार, सभाओं, रैली के आयोजन, सभाओं में लाउडस्पीकरों के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउडस्पीकर के उपयोग, जुलूस के मार्ग निर्धारण, जुलूस निकालने की नियमानुसार अनुमति देने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी रायगढ़ को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत रैली एवं सभा हेतु आवेदन केवल कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ में प्राप्त किए जायेंगे। संबंधित सक्षम प्राधिकारी विषयान्तर्गत अनुमति निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन अनुमति प्रदान कर सकेंगे। चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रात:6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। आमसभा, प्रचार, जुलूस के लिए लाउड स्पीकर का उपयोग कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। संबंधित अभ्यर्थी द्वारा आदर्श आचरण संहिता का पालन किया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने पर अनुमति निरस्त करते हुए सुसंगत प्रावधानों के अधीन दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी। वाहन, रैली, सभा इत्यादि में होने वाले व्यय की जानकारी संबंधित निर्वाचन व्यय संपरीक्षक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार के व्यय की जानकारी छुपाया जाना निर्वाचन नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

## सीईओ अबिनाश मिश्रा ने ली सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क निर्माण कार्य में संलग्न विभागों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ मिश्रा ने जिले में चल रहे विभिन्न मार्गों के निर्माण की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। सड़क निर्माण में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी ठेकेदारों को कहा कि कही भी निर्माण कार्य में रूकावट आने की स्थिति में तुरंत सूचित करें, ताकि समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। बैठक में निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे।



सीईओ मिश्रा ने ईई पीडब्ल्यूडी को सड़क कांक्रीटीकरण कार्य किए जाने वाले मार्गो की पूर्व सूचना देने के निर्देश दिए, ताकि ऐसे मार्गो का आवागमन रोकने पुलिस विभाग की सहायता के साथ बेरीकेट्स का उपयोग किया जा सके, जिससे निर्माणाधीन मार्ग में कार्य अवरोध ना हो। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि गेरवानी में कांक्रीटीकरण का कार्य किया जाना है। जिसके लिए भारी वाहनों को रोकना पड़ेगा। इसके लिए परिवर्तित मार्ग निर्माण किया जा चुका है। इसी प्रकार खेदापाली में स्टॉपर की जरूरत होगी। आगामी दिनों में हाटी से छाल से चोढ़ा मार्ग निर्माण में तेजी आएगी। ऐडू खेदापाली में शोल्डर कार्य हो चुका है, सबग्रेड कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार हाटी धरमजयगढ़, जामपाली से घरघोड़ा, पूंजीपथरा से रायगढ़, छाल घरघोड़ा मार्ग में कार्य प्रगति पर है। वही पडिग़ांव सूरजपुर मार्ग पूर्ण हो चूका है। ठेकेदारों ने बताया कि कई स्थानों में पर्याप्त मटेरियल की कमी के कारण कार्य धीमी हो रही है। जिस पर सीईओ मिश्रा ने एसडीएम को मटेरियल की सुलभता के लिए क्रेशर संचालकों से बात करने के निर्देश देते हुए निर्माणधीन मार्गों में वाहनों को रोकने माइंस, ट्रासपोर्टर की मीटिंग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन में संलग्न भारी वाहनों को निर्माण कार्य के दौरान रोकना आवश्यक है, इसके लिए कार्यवाही भी की जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खाम्बरा सहित निर्माण कार्यों में संलग्न विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

**लक्ष्य बनाकर करें कार्य, 15 दिनों में दें प्रगति रिपोर्ट**

सीईओ मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य बनाकर सड़क निर्माण कार्यों को करें एवं 15 दिनों में कार्य की प्रगति बताए। जहां मुआवजा संबंधित प्रकरण के कारण निर्माण कार्यों में रूकावट आ रही है तो संबंधित विभागीय अधिकारी को शीघ्र सूचित करें, ताकि समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि गुणवत्ता एवं कार्यों में आवश्यक प्रगति बनी रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान : एक माह के विशेष अभियान में पुलिस ने ढूंढा 25 गुम नाबालिग

**❒ दिल्ली, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश तथा राज्य के विभिन्न जिला से बरामद किए गए गुम इंसान**

**रायगढ़।** गुम नाबालिगों की पतासाजी के लिये 21 नंवबर से 20 दिसंबर तक माह भर चले "ऑपरेशन मुस्कान" में जिले की पुलिस टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों तथा घर से भागकर दिगर प्रांत गये नाबालिगों को सकुशल वापस लाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

एसपी अभिषेक मीणा द्वारा गत माह लिये गये क्राइम मीटिंग में थाना, चौकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों के अनुसंधान की तरह ही "ऑपरेशन मुस्कान" दौरान गुम नाबालिग मामलों में विशेष फोकस देने कहा गया। एसपी मीणा द्वारा प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि गुम मामलों में प्रारंभिक जांच दौरान सर्विलांस का बेहतर उपयोग कर आवश्यकता अनुसार शीघ्र टीमें दिगर प्रांत भेजें। निर्देशों के अनुरूप गुम नाबालिग के दिगर प्रांत अथवा राज्य के जिलों में होने की पुख्ता जानकारी पर पुलिस टीमें गुम इंसान पतासाजी के लिए टीम भेजा गया। इसी क्रम में थाना घरघोड़ा की पुलिस टीम दिल्ली से, धरमजयगढ़ थाने की टीम इंदौर(मध्य प्रदेश), देहरादून(झारखंड) से, कोतरारोड़ पुलिस टीम कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और जम्मू कश्मीर से, पुसौर पुलिस उनके क्षेत्र की गुम बालिका को बलौदा, जांजगीर-चांपा से, लैलूंगा पुलिस ने तमनार, घरघोड़ा एवं पुसौर से गुम बालिका दस्तयाब की है तथा चौकी जूटमिल की टीम गुम बालिका को पूंजीपथरा से दस्तयाब किया गया है। कई मामलों में विवेचकगण दिगर जिलों के पुलिस अधिकारियों से गुम बालिका की जानकारी साझा कर गुम बालिका को थाना बुलाया गया और महिला डेस्क में परिजनों के समक्ष दस्तयाब किया गया।



"ऑपरेशन मुस्कान" के दौरान जिला पुलिस रायगढ़ कुल 25 गुम बालक/बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है जिसमें 4 बालक तथा 21 बालिका है। अभियान दौरान थाना, चौकी द्वारा की गई कार्यवाही – थाना चक्रधरनगर ने 06, लैलूंगा ने 4, कोतवाली और धरमजयगढ़ ने 3-3 तथा कोतरारोड़, पुसौर, घरघोड़ा एवं चौकी खरसिया ने 2-2 एवं चौकी जूटमिल ने 01 गुम नाबालिग को ढूंढ कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जिन मामलों में अपहृता (गुम बालिका) ने आरोपी युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाना और शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई है, इन मामलों में विधिवत दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही पढाई के नाम पर या परिजनों के डांट-फटकार के कारण घर से भागे नाबालिगों का बाल कल्याण समिति (CWC) के पास काउंसलिंग कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। गुम बालक/बालिका नोडल अधिकारी एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा गुम बालक/बालिकाओं की सतत मॉनिटरिंग कर अधिक से अधिक गुम इंसानों की दस्तयाबी के लिए थाना, चौकी प्रभारियों को मार्गदर्शन के साथ आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं।

## एफपीओ के गठन एवं संर्वधन के प्रगति के बारे में हुई चर्चा

**❒ सीईओ मिश्रा ने ली जिला निगरानी समिति की बैठक**

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला निगरानी समिति की बैठक ली। उन्होंने सभी एफपीसी के गतिविधि की समीक्षा की एवं आवश्यक सहायता देने हेतु सभी विभागों को निर्देशित किया।



बैठक में डीडीएम नाबार्ड तपन कुमार सेठी के द्वारा केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत 10 हजार एफपीओ के निर्माण एवं संर्वधन के बारे में जानकारी दी। रायगढ़ जिला में 2021-22 में स्वीकृत एफपीओ के गठन एवं संर्वधन के प्रगति के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें रायगढ़ जिले के सभी विकासखण्डों में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का गठन किया गया है। जिसमें लैलूंगा को छोड़कर सभी विकासखण्डों में एसएफएसी द्वारा सीबीबीओएस का चयन किया गया है। जो एफपीसी के कार्य कर रहे है। जिसमें विकासखण्ड बरमकेला एवं धरमजयगढ़ में ईसाफ सीबीबीओ एवं रायगढ़ जिले के रायगढ़, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, सारंगढ़ में रायगढ़ सहयोग समिति के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्रमुख फसल सुंगधित चावल, सब्जी, मशरूम, फल, दलहन-तिलहन फसलों का उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग की जा रही है तथा एफपीसी के सदस्यों की सेवा बढ़ाने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान एफपीसी से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, लाईसेंस के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में सहायक संचालक कृषि हरीश राठौर, उद्यानिकी डॉ.कमलेश दीवान, मछली पालन एम.के.पाटले, पशुपालन, लीड बैंक अधिकारी अमीनाथ महाली सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोयले का अवैध परिवहन कर रहे ट्रक और ट्रेलर जब्त, पुंजीपथरा पुलिस की कार्यवाही : करीब 3.10 लाख रूपए का कोयला जब्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारियों द्वारा कोयले के अवैध संग्रहण एवं परिवहन पर निगरानी रखकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.12.2022 को #पूंजीपथरा थाना प्रभारी जितेंद्र एसैया एवं हमराह स्टाफ द्वारा देहात भ्रमण, माइनर एक्ट की कार्यवाही दौरान मुखबीर सूचना पर पूंजीपथरा-तमनार चौंक पर वाहनों को चेक कर परिवहन के कागजात जांच किये गये। इस दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 ए.आर. का वाहन चालक राजेश कुमार पटेल निवासी सीधी (मध्य प्रदेश) तथा 14 चक्का ट्रक सीजी 10 ए.सी. 4598 का वाहन चालक जोगेंदर विश्वकर्मा निवासी औरंगाबाद बिहार दोनों ड्रायवरों के पास कोयला परिहन के कागजात नहीं थे। वाहनों में क्रमशः 33.320 टन 30.940 टन कोयला जुमला कीमत रु.3,10,000 का लोड पाया गया। लोड कोयला एवं गंतव्य स्थान के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ड्राइवरों से पुलिस स्टाफ को गोलमोल जवाब दे रहे थे। वाहनों में लोड कोयला चोरी का होने के संदेह पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा वाहन चालकों पर 41(1+4)CrPC/ 379 IPC के तहत कार्यवाही कर वाहन चालकों को JMFC घरघोड़ा के न्यायालय पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेंद्र एसैया, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, अमित तिर्की, आरक्षक विद्या सिदार की प्रमुख भूमिका रही है।



इन पर की गई कार्यवाही-

(1) ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 ए.आर. 6273 का चालक राजेश कुमार पटेल पिता राम लखन पटेल उम्र 31 साल निवासी चितवरिया थाना अमिलिया जिला सीधी (मध्य प्रदेश)

(2) ट्रक क्रमांक सीजी 10 ए.सी. 4598 का चालक जोगेंद्र विश्वकर्मा पिता गोवर्धन विश्वकर्मा उम्र 26 साल निवासी ग्राम अंबा थाना नडारीकला जिला औरंगाबाद (बिहार) हाल मुकाम शिव शक्ति ट्रांसपोर्ट अकलतरा थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा

## मुख्यमंत्री ने की भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय खोलने की घोषणा

**❒ बिलाईगढ़ में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से की भेंट-मुलाकात**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल शाम बिलाईगढ़ में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल से भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान भटगांव में उपपंजीयक कार्यालय खोलने की घोषणा की। बिलाईगढ़ में बस सुविधा दुरूस्त करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने इस मौके पर एक-एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडल से भेंट-मुलाकात के दौरान टुण्डाऊ रोड की मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खैरवार समाज की मांग पर रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत करने के निर्देश दिए। खैरावार समाज प्रमुखों ने समाज के लोगों को पूर्व में दिए गए वन भूमि पट्टा को दुरूस्त किए जाने की बात कही मुख्यमंत्री ने इस संबंध में ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर शासन को प्रस्तुत करने की समझाइस दी। वैष्णव समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को सारंगढ़ में आगामी 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होने वाले महाअधिवेशन में आने का निमंत्रण दिया। मुस्लिम समाज द्वारा कब्रिस्तान के बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग पर मुख्यमंत्री ने बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए स्टीमेट के अनुरूप राशि देने की बात कही। केंवट समाज द्वारा अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखने का आवश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री को जायसवाल कलार समाज प्रमुख ने सामाजिक बोर्ड की गठन की मांग की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक भवन के लिए जमीन की रजिस्ट्री समाज के नाम पर कराने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि जमीन रजिस्ट्री के बाद ही प्रक्रिया के तहत राशि आबंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहार समाज द्वारा बिलाईगढ़ में मुक्तिधाम की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए कलेक्टर को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न समाजों की मांग पर सामाजिक भवन और अन्य कार्यों के लिए करोड़ों रूपए की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने अघरिया समाज को बिलाईगढ़ में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम चांदन, देवरी सोनाखान क्षेत्र में अघरिया समाज के सामुदायिक के लिए 20 लाख रूपए, गिरौदपुरी में पटेल मरार समाज के सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, साहू समाज के लिए पुरगांव, धनसिर में कंवर समाज, चौहान समाज, गोंड समाज और संवरा समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपए, वैष्णव समाज को भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत किए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480